150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur - 302018

भीम BhIM भारत इंटरफ़ेस मिशन

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

कमांकः F6(632)RSSB/IT/LTAR/2020/891 दिनांकः– 11/11/2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान, जयपुर के लिये राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 एवं यथा संशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पदों पर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। पूर्व में सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच करवायी जा चुकी है।

लैब टेक्नीशियन भर्ती के अभ्यर्थी विकास कुमार पुत्र श्री हरफुल सिंह (आवेदन सं0 202011560548) तथा शंकर लाल माली पुत्र श्री कैलाश चन्द सैनी (ऑफलाईन आवेदन) के प्राप्तांक उनकी कैटेगरी में जारी कटऑफ से ज्यादा होने के कारण दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

उक्तानुसार लैब टेक्नीशियन भर्ती के अभ्यर्थी विकास कुमार पुत्र श्री हरफुल सिंह (आवेदन सं0 202011560548) तथा शंकर लाल माली पुत्र श्री कैलाश चन्द सैनी (ऑफलाईन आवेदन) को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.11.2021 को प्रातः 10.00 बजे **"राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर"** में पात्रता की जांच हेतु विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें, इसके बाद आपको कोई भी अंतिम अवसर दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रदान नहीं किया जावेगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के पद हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच में सर्वप्रथम अभ्यर्थी के राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन की जांच की जायेगी। राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन/ राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन हेतु दिनांक 30.07.2020 तक आवेदन किये होने का साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद ही अन्य दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पैरा मेडिकल संवर्ग के लैब टैक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर भर्ती–2020 के लिये दिनांक 12.06.2020 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड़ की बेवसाइटwww.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी (EWS, अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. कोरोना **(COVID-19)** महामारी के मद्देनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना **(COVID-19)** जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होवें।

सचिव